ftyk lpuk dk;ky; gfj}kjA
fudV noiijk pkd] iijkuh dpgjh] gfj}kjA
E-mail: suchnaharidwar@gmail.comदूरभाष : 01334–226695, मोबाइलः 9412074595

दिनांक : 04.05.2017

प्रेस विज्ञप्ति

एन.एच.एम के मिशन निदेशक नितिन भदौरिया ने सी.सी.आर. में जनपद में मिशन इन्द्रधनुष के सफल क्रियान्वयन हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मिशन इन्द्रधनुष के तहत जनपद हरिद्वार में गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 02 साल तक के बच्चों को अप्रैल से जुलाई तक प्रत्येक माह की 07 से 14 तारीख तक विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित कर शत प्रतिशत प्रतिरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार किया जाए। इस टीकाकरण से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टिटनेस, पोलियो, तपेदिक, गलाघोटू, काली खांसी, हैपेटाईटस बी, पीलिया, दिमागी बुखार आदि गम्भीर रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस मिशन को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा, बाल विकास, पंचायत राज पुलिस, ग्राम्य विकास के आपसी सहयोग जरूरी है।

भगवानपुर विधायक ममता राकेश ने कहा कि मिशन इन्द्रधनुष अभियान के व्यापक प्रचार के लिए स्कूलों के माध्यम से रेली निकाली जाए, जन प्रतिनिधियों से भी सम्पर्क किया जाए एवं ए.एन.एम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की जिम्मेदारी तय की जाए। विधायक देशराज कर्णवाल ने कहा कि समाजिक संगठनों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए। सभी के सहयोग से पूर्ण प्रतिरक्षण का लक्ष्य निर्धारित समय में पूर्ण हो सकता है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ ललित नारायण मिश्र ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सभी विभागों के साथ समन्वय करे एवं तहसील तथा ब्लॉक लेबल पर कोर्डिनेशन मीटिंग की जाए। बैठक में उपस्थित मुस्लिम धर्मगुरूओं ने मिशन इन्द्रधनुष को सफल बनाने के लिए टीकाकरण के लिए पूर्ण सहयोग देने को कहा।

बैठक में संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डी.के. चक्रपाणी, सी.एम. ओ. डॉ बी.एस. जंगपांगी, डॉ अनुभा, एस.डी.एम भगवानपुर अनिल गर्ब्याल, एस.डी.एम. लक्सर कौस्तुभ मिश्रा, जिला विकास अधिकारी पुष्पेन्द्र चौहान, डॉ एच.डी. शाक्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपराज अग्निहोत्री, डी.पी.ओ. शैली प्रजापति एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जिला सूचना अधिकारी
हरिद्वार